


# सांध्य दैनिक 4PM



गुलामी के बारे में सबसे बुरी बात यह है कि अंततः गुलामों को यह पसंद आने लगता है।

-अरस्तु

मूल्य ₹ 3/-

जिद...सच की

www.4pm.co.in www.facebook.com/4pmnewsnetwork @Editor_Sanjay YouTube @4pm NEWS NETWORK

● वर्षः 9 ● अंकः 283 ● पृष्ठः 8 ● लखनऊ, मंगलवार, 21 नवम्बर, 2023



सूर्यकुमार यादव को टीम इंडिया... 7 | राजस्थान में प्रियंका व मोदी में... 3 | सिर्फ नारेबाजी से हल नहीं होंगी... 2


# राजस्थान में कांग्रेस हर चेहरे पर बिखेरेगी मुस्कान

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जयपुर में लिया हिस्सा

सीएम गहलोत बोले- बढ़ रही राज्य की अर्थव्यवस्था

## राज्य विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी ने जारी किया घोषणा पत्र

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

जयपुर। राजस्थान में कांग्रेस प्रदेश के हर शख्स के चेहरे पर मुस्कान भरेगी। कांग्रेस ने राज्य के लिए अपनी घोषणा पत्र जारी कर दी है। इसमे सबसे पुराने सियासी दल ने युवा, किसानों व महिलाओं समेत हर वर्ग को कुछ न कुछ देने का वादा किया है। राजस्थान में 25 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। चुनाव को देखते हुए कांग्रेस ने मंगलवार (21 नवंबर) को प्रदेश की जनता के लिए अपना घोषणापत्र जारी कर दिया। कांग्रेस ने जयपुर के कार्यक्रम में घोषणापत्र जारी किया।

कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र जारी करने के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी मौजूद रहे। मल्लिकार्जुन खरगे ने ही जयपुर में कांग्रेस के वार रूम से ये घोषणात्र जारी किया। कांग्रेस ने अपने घोषणात्र में राज्य के किसानों, महिलाओं और युवाओं सभी को साधने का प्रयास किया है। इनमें किसानों, युवाओं से लेकर महिलाओं को ध्यान में रखकर ऐलान किए गए हैं। घोषणापत्र में वादा किया गया है कि कांग्रेस की सरकार बनने के बाद घर की महिला मुखिया को हर साल 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। घोषणापत्र की खास बातें -किसानों के लिए स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिशों के मुताबिक MSP कानून लाया जाएगा। परिवार की महिला मुखिया को सालाना 10 हजार रुपए दिए जाएंगे। चिरंजीवी बीमा की राशि को 25 लाख से बढ़ाकर 50 लाख किया जाएगा। 4 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी, 10 लाख युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। पंचायत स्तर पर सरकारी नौकरी का नया काडर बनाया जाएगा। गैस सिलेंडर अभी 500 रुपए का मिल रहा है, उसे 400 रुपए किया जाएगा। राज्य में आरटीई कानून लाकर इसके तहत निजी शिक्षण संस्थाओं में भी 12वीं तक की शिक्षा फ्री की जाएगी। मनरेगा और इंदिरा गांधी शहरी रोजगार में 125 से बढ़ाकर 150 दिन किया जाएगा। छोटे व्यापारियों, दुकानदारों को 5 लाख रुपए तक का ब्याज मुक्त लोन उपलब्ध करवाने के लिए व्यापारी क्रेडिट कार्ड योजना शुरू होगी।



### हम वही वादे करते हैं जो पूरा कर सकते हैं : खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जयपुर में घोषणापत्र जारी करने के मौके पर कहा कि राजस्थान कांग्रेस का मजबूत गढ़ रहा है, हम वही वादे करते हैं जो पूरा कर सकते हैं, वहीं, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राजस्थान की अर्थव्यवस्था इस साल के अंत तक 15 लाख करोड़ रुपये की हो जाएगी और 2030 तक इसे 30 लाख करोड़ रुपये तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। कांग्रेस घोषणा पत्र में कहा गया है कि किसानों के लिए स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिशों के मुताबिक आरटीई कानून लाया जाएगा। चिरंजीवी बीमा की राशि को 25 लाख से बढ़ाकर 50 लाख रुपये किया जाएगा। कांग्रेस ने घोषणापत्र में पंचायत स्तर पर सरकारी नौकरी का नया काडर बनाने का वादा किया है।

**25 नवंबर को होंगे चुनाव**

## कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार जी. विवेक के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

हैदराबाद। तेलंगाना विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में हलचल जारी है। ईडी ने तेलंगाना में छापेमारी की है। आईटी अफसर तेलंगाना के चेन्नूर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार जी. विवेक के घरों और कार्यालयों पर तलाशी ले रहे हैं। पूर्व सांसद के हैदराबाद और मंचेरियल स्थित परिसरों पर मंगलवार तड़के एक साथ तलाशी शुरू हुई। आईटी अधिकारियों की अलग-अलग टीमें हैदराबाद और मंचेरियल में उनके घरों पर तलाशी ले रही हैं। साथ ही विभिन्न स्थानों पर उनके कार्यालयों पर भी तलाशी चल रही है। विवेक के समर्थकों ने मंचेरियल में उनके आवास के बाहर आईटी छापे के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारे लगाए। विवेक, जो हाल ही में भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए थे, 30 नवंबर को मंचेरियल जिले के चेन्नूर निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं।



# दिल्ली सरकार को फंड न देने पर 'सुप्रीम' फटकार

## रैपिड परियोजना को लेकर फंड न देने से कोर्ट नाराज

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली-मेरठ क्षेत्रीय रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम परियोजना से जुड़े मामले में दिल्ली सरकार को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। दरअसल रैपिड परियोजना को लेकर फंड ना देने से सुप्रीम कोर्ट नाराज है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा एक हफ्ते के भीतर 415 करोड़ रुपये दे सरकार और अगर नहीं दिया तो दिल्ली सरकार के विज्ञापन बजट पर रोक लगाकर फंडिंग दे देंगे। इसके लिए बकायदा सुप्रीम कोर्ट ने एक हफ्ते का दिया अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर नहीं दिया तो विज्ञापन बजट से पैसा दिया जाएगा। इस मामले में अगली सुनवाई 28 नवंबर को होगी।

कोर्ट ने 24 जुलाई को 415 करोड़ रुपये ना देने पर दिल्ली सरकार को घेरते हुए कहा कि अगर ये राशि नहीं दी तो हम दिल्ली सरकार के विज्ञापनों बजट पर रोक लगाकर अटैच कर लेंगे। कोर्ट ने कहा कि प्रदूषण को रोकने के लिए परियोजना भी जरूरी है। पिछले तीन साल का दिल्ली सरकार का विज्ञापन बजट 1100 करोड़ था, जबकि इस साल का बजट 550 करोड़ है। 24 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अगर दिल्ली सरकार तीन सालों में विज्ञापन के लिए 1100 करोड़ आवंटित कर सकती है तो बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए फंड भी जरूरी है।



### सिसोदिया को नहीं मिली राहत 11 दिसंबर तक बढ़ी हिरासत

दिल्ली आबकारी नीति मामले में आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को राउज एवेन्यू कोर्ट से राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत को 11 दिसंबर तक के लिए बढ़ा दिया है। अदालत ने मामले की विस्तार से सुनवाई की और कहा कि ईडी की ओर से आरोपी व्यक्तियों को कई दस्तावेज दाखिल करना बाकी है। अदालत ने ईडी को भी नोटिस जारी किया और बेनॉय बाबू की अंतरिम जमानत याचिका पर बहस के लिए 24 नवंबर की तारीख तय की।



**उत्तराखंड सुरंग हादसा :** टनल में फंसे लोगों को सही सलामत बाहर निकालने की कवायद जारी

# श्रमिकों की तस्वीरें आईं सामने

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

देहरादून। टनल में फंसे श्रमिकों के सही सलामत बाहर आने की उम्मीद जगी है। क्योंकि उत्तरकाशी की सिलक्यारा सुरंग में फंसे मजदूरों की पहली तस्वीरें सामने आई है, सामने आई तस्वीरों में सुरंग में फंसे मजदूर सेफ्टी हेलमेट लगाए हुए नजर आ रहे है। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में सिलक्यारा सुरंग के एक हिस्से के ढहने से उसमें फंसे 41 मजदूरों को बाहर निकालने की मशक्कत अभी जारी है, इस बीच सुरंग में फंसे मजदूरों की पहली तस्वीरें सामने आई हैं। सामने आई तस्वीरों में सुरंग में फंसे मजदूर सेफ्टी हेलमेट लगाए हुए नजर आ रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को पहली बार गर्म खाना भेजा गया, एक कैमरे को सुरंग के अंदर भेजा गया, कैमरे की इस फुटेज में फंसे सभी मजदूर एक साथ दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान मजदूरों से वॉकी-टॉकी पर बात भी की गई, 41 मजदूर एक हफ्ते से ज्यादा दिनों से सुरंग में फंसे हुए हैं, रेस्क्यू टीम अभी तक उन्हें निकाल नहीं पाई है, मलबा ज्यादा होने और ऊपर से मिट्टी धंसने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कत आ रही है। इस बीच सोमवार (20 नवंबर) को 6 इंच की नई पाइपलाइन से पहली बार इन मजदूरों तक सॉलिड फूड पहुंचाने में कामयाबी मिली। बचाव अभियान प्रभारी कर्नल दीपक पाटिल ने कहा कि मजदूरों को पाइप के माध्यम से मोबाइल और चार्जर भी भेजे जाएंगे। अधिकारियों ने कहा कि सभी मजदूर सुरक्षित हैं और उन्हें स्टील पाइप के माध्यम से भोजन और पानी की आपूर्ति की जा रही है। निर्माणाधीन सुरंग महत्वाकांक्षी चार धाम परियोजना का हिस्सा है, जो बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री तीर्थ स्थलों तक कनेक्टिविटी बढ़ाने की पहल है। रेस्क्यू टीम ने इसी पाइप से इन मजदूरों को बोतल में गर्म खिचड़ी भेजी। इतने दिनों से अच्छे से खाना नहीं मिल पाने से वे कमजोर हो चुके हैं। टनल में फंसे हुए 41 मजदूरों के लिए हेमंत नाम के रसोइये ने खिचड़ी बनाई। उन्होंने बताया कि यह पहली बार है कि मजदूरों के लिए गर्म खाना भेजा जा रहा है।



### 12 नवंबर को हुआ था हादसा

ब्रह्मखाल-यमुनोत्री हाईवे पर निर्माणाधीन 4.5 किलोमीटर लंबी सिलक्यारा टनल का एक हिस्सा 12 नवंबर को धंस गया था। चारधाम प्रोजेक्ट के तहत यह टनल ब्रह्मखाल और यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर सिल्क्यारा और डंडलगांव के बीच बनाई जा रही है. हादसा 12 नवंबर की सुबह 4 बजे हुआ था। टनल के एंट्री पॉइंट से 200 मीटर अंदर 60 मीटर तक मिट्टी धंसी। इसमें 41 मजदूर अंदर फंस गए।

### पीएम मोदी ने सीएम धामी से ली जानकारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र ने मंगलवार को भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह को फोन कर सिलक्यारा, उत्तरकाशी में निर्माणाधीन सुरंग में फंसे श्रमिकों के राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को 6 इंच व्यास की पाइप लाइन के सफलता पूर्वक मलबे के आर-पार किए जाने एवं इसके माध्यम से भोजन एवं अन्य आवश्यक सामान श्रमिकों तक पहुंचाने के विषय में अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने श्रमिकों से एंडोस्कोपिक फ्लेक्सी कैमरे की मदद से हुई बातचीत एवं उनकी कुशलता की जानकारी भी पीएम को प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी श्रमिकों को सुरक्षित निकालना हमारी शीर्ष प्राथमिकता है।

# सिर्फ नारेबाजी से हल नहीं होंगी देश की समस्याएं : वरुण गांधी


» अपनी ही सरकार पर खूब बरसे भाजपा नेता

» मोदी सरकार की योजना पर उठाए सवाल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

पीलीभीत। पीलीभीत से बीजेपी सांसद वरुण गांधी ने एक बार फिर अपनी ही सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए हैं। पीलीभीत में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने मुफ्त का राशन, महंगाई और अग्निवीर जैसी योजना को लेकर बीजेपी पर हमला किया और कहा कि सिर्फ नारेबाजी से देश की समस्याएं हल नहीं होंगी, देश चलाने के लिए संवेदनशील होना जरूरी है।

वरुण गांधी सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र पीलीभीत पहुंचे थे, इस दौरान एक जनसभा को संबोधित करते हुए अपने पुराने तीखे तेवर में दिखाई दिए, उन्होंने कहा कि क्या जय श्री राम और भारत माता की जय के नारे से समस्याएं हल हो जाएंगी। मैं भारत माता को अपनी मां मानता हूं, मैं हनुमान जी का भक्त हूं और भगवान राम को अपना इष्ट मानता हूं, लेकिन मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि आज जिन बुनियादी समस्याओं से हर व्यक्ति ग्रसित है, क्या उनका हल केवल नारे से होगा या उनका हल नीतिगत सुधार से होगा।



## तेरी मोहब्बत में हो गए फना..मांगी थी नौकरी मिला आटा.. दाल.. चना

वरुण ने इस दौरान मुफ्त राशन पर तंज कसा और कहा कि आपको पता है ये सब क्यों किया जा रहा है, ताकि वो चुनाव में आपको आटा, दाल चना बांट सकें,उन्होंने एक शायरी सुनाते हुए कहा, तेरी मोहब्बत में हो गए फना..मांगी थी नौकरी मिला आटा दाल चना। उन्होंने कहा कि क्या ये कोई स्थायी समाधान है, ये छलावा है, कितने लोग परीक्षा देते हैं, यूपी की कोई भी परीक्षा देख लें पिछले तीन साल में कोई ऐसी परीक्षा नहीं है जिसके पांच-पांच बार पेपर लीक न हुए हों चाहे वो टीचर्स की भर्ती हो या पुलिस की भर्ती।

## खून के आंसू रो रहे हैं संविदाकर्मी

वरुण गांधी ने कहा, हर नौकरी आज संविदा पर दी जा रही है। इस सभा में भी कई संविदाकर्मी बैठे हैं। सब खून के आंसू रो रहे हैं। सालों से उनका मानदेय नहीं बढ़ा, उन्हें स्थायित्व नहीं दिया गया, काम पूरा लिया जाता है और मान-सम्मान स्थायित्व कुछ है नहीं। अग्निवीर योजना आई, तो वरुण गांधी ने सबसे पहले उसका खुला विरोध किया। बीजेपी सांसद ने अग्निवीर योजना को लेकर अपनी ही सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर आपके गांव का युवक सरहद पर जाता है और देश की सीमा की रक्षा करता है तो क्या ये सम्मान की बात है या नहीं. मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि जब वो लड़का चार साल बाद निकाल दिया जाएगा और वो आर्मी की वर्दी पहनकर आएगा और मजदूरी करेगा तो क्या इससे उस पर मानसिक असर पड़ेगा या नहीं। देश चलाना कोई मजाक नहीं है। ये संवेदनशील और गहरा काम है, आज महंगाई कितनी बढ़ गई है।

# जाति जनगणना के आधार पर देंगे मराठा आरक्षण : पटोले

» बोले- शिंदे किसानों के प्रति उदासीन

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



मुंबई। महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने कहा कि अगर पार्टी सत्ता में आती है तो सबसे पुरानी पार्टी राज्य में जाति जनगणना के आधार पर मराठा आरक्षण प्रदान करेगी। उन्होंने जोड़ा, अगर कांग्रेस केंद्र और महाराष्ट्र में सत्ता में आती है, तो हम जरूर इन लंबित मुद्दों को हल करेंगे। हमारे नेता राहुल गांधी की जाति जनगणना की मांग इन मुद्दों की जड़ तक पहुंचने और समाधान निकालने के हमारे संकल्प के अनुरूप है।

महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार पर उन किसानों के प्रति उदासीन होने का भी आरोप लगाया, जिन्होंने अनियमित बारिश के कारण अपनी फसलें खो दीं। कांग्रेस नेता ने कहा, राज्य में औद्योगिक निवेश घट रहा है। हर बार जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाराष्ट्र का दौरा करते हैं, तो वह गुजरात के लिए निवेश के कुछ अवसर ले जाते हैं, जिससे राज्य सरकार के राजस्व पर असर पड़ा है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में कार्यकर्ता मनोज जारांगे के नेतृत्व में मराठा समुदाय द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है, जो ओबीसी श्रेणी के तहत सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण की मांग कर रहे हैं।


# संजय सिंह की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

» निचली अदालत में कर सकते हैं जमानत याचिका दाखिल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली शराब घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह की याचिका का सुप्रीम कोर्ट परीक्षण करेगा। गिरफ्तारी और रिमांड को अवैध बताने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी किया है। दिसंबर के दूसरे हफ्ते तक जवाब मांगा गया है। दरअसल, शराब नीति मामले में आप नेता संजय सिंह की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने श्वष्ठ को नोटिस जारी किया है।

सुप्रीम कोर्ट ने संजय सिंह को नसीहत दी कि निचली अदालत में जमानत याचिका दाखिल कर सकते हैं। इससे पहले दिल्ली



हाईकोर्ट ने आप नेता को झटका देते हुए कहा था कि कानून सबके लिए बराबर है, चाहे वह नेता हो या फिर आम नागरिक दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा था कि संजय सिंह की गिरफ्तारी कानून के मुताबिक है। जांच के प्रारंभिक स्तर पर अभी मामले में हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया।

# बीजेपी फैलाती है फेक न्यूज : रमेश

» चार ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का किया ट्विट, मंत्रियों ने तुरंत हटाया

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

जयपुर। कांग्रेस सांसद (एमपी) और संचार के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि जब पूरा देश आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 का भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया फाइनल मैच देख रहा था। राजस्थान और तेलंगाना के वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री सहित मोदी सरकार के विभिन्न ढोल बजाने वाले, जैसे साथ ही पीएम के सबसे पसंदीदा बिजनेसमैन ने ट्वीट किया कि कल ही भारत की जीडीपी 4 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर गई है।

भाजपा के केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत, तेलंगाना से जी किशन रेड्डी, महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और व्यवसायी गौतम अडानी उन प्रमुख लोगों में से थे।



रविवार को भारत के 4 ट्रिलियन जीडीपी के आंकड़े को पार करने के बारे में ट्वीट किया था। स्क्रीनशॉट झूठा साबित हुआ और मंत्रियों और बिजनेसमैन को अपने ट्वीट हटाने पड़े या डिलीट करने पड़े। यह पूरी तरह से फर्जी और फर्जी खबर थी, जिसका उद्देश्य अधिक उत्साह पैदा करना और चाटुकारिता और हेडलाइन प्रबंधन दोनों का एक दयनीय प्रयास था।

## पांच राज्यों के चुनाव नतीजों के बाद होगी गठबंधन की बैठक

तीन दिसंबर को पांचों राज्यों के चुनाव नतीजे आ जाएंगे। इसके बाद दिसंबर में ही इंडिया के सभी घटक दलों के बड़े नेता किसी एक राज्य में बैठेंगे। अभी यह तय नहीं है कि यह राज्य कौन सा होगा। नतीजे आने के बाद ही स्थान तय होगा। उधर पांच राज्यों के चुनाव नतीजे आने के बाद दिसंबर में विपक्षी समावेशी गठबंधन इंडिया की बैठक होगी। इसमें न्यूनतम साझा घोषणापत्र पर सभी दलों से प्रस्ताव लिए जाएंगे। जिन मुद्दों पर सहमति बनेगी, उन्हें शामिल करते हुए इंडिया गठबंधन अपना घोषणापत्र जारी करेगा। तीन दिसंबर को पांचों राज्यों के चुनाव नतीजे आ जाएंगे। इसके बाद दिसंबर में ही इंडिया के सभी घटक दलों के बड़े नेता किसी एक राज्य में बैठेंगे। अभी यह तय नहीं है कि यह राज्य कौन सा होगा। नतीजे आने के बाद ही स्थान तय होगा। इंडिया सूत्रों के मुताबिक, इस बार न्यूनतम साझा कार्यक्रम पर मंथन होगा। इन मुद्दों में जातीय जनगणना सबसे ऊपर होगी। इसके अलावा रोजगार और आय गारंटी से संबंधित प्रस्ताव भी शामिल किए जाएंगे। अधिकांश मुद्दे राष्ट्रीय होंगे, लेकिन राज्य स्तर के प्रमुख मुद्दों को भी शामिल किया जाएगा, जिनकी लंबे समय से मांग की जा रही हो। इसके अलावा राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न विषयों पर भी इंडिया गठबंधन अपनी स्पष्ट राय रखेगा।

# जाने वाली है केसीआर की सरकार : किशन रेड्डी

» बोले- लोगों में चल रही मौन क्रांति

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

हैदराबाद। तेलंगाना की समस्याओं का एकमात्र समाधान राज्य में डबल इंजन सरकार लाना है। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता बीआरएस सरकार से खुश नहीं हैं क्योंकि उन्हें दलित बंधु और बीसी बंधु जैसी योजनाएं नहीं मिल रही हैं। राज्य भाजपा प्रमुख जी किशन रेड्डी ने कहा कि तेलंगाना में सत्तारूढ़ बीआरएस के खिलाफ एक मौन क्रांति चल रही है और लोगों को विश्वास हो रहा है कि मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की सरकार हार जाएगी और आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा सत्ता में आएगी।

एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए रेड्डी ने कहा कि कुछ गलत सर्वेक्षण रिपोर्ट प्रसारित होने के बावजूद, भाजपा उम्मीदवारों को क्षेत्र में अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है और लोग पार्टी के घोषणापत्र को सकारात्मक रूप से प्राप्त कर रहे हैं। यह आरोप लगाते हुए कि पूर्व एआईसीसी प्रमुख राहुल गांधी के निर्देशों के आधार पर कर्नाटक में कांग्रेस सरकार लोगों पर तेलंगाना चुनाव कर लगा रही है, रेड्डी ने कहा कि राशि यहां भेजी जा रही है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि कई विधानसभा क्षेत्रों में बीजेपी सबसे आगे है। यह बीआरएस पार्टी के खिलाफ एक मूक क्रांति की तरह है। लोग बीजेपी के अभियान पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहे हैं। लोग स्वेच्छा से बीआरएस प्रचार वाहनों को अपने गांवों में जाने की अनुमति नहीं दे रहे हैं। तेलंगाना की समस्याओं का एकमात्र समाधान राज्य में डबल इंजन सरकार लाना है। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता बीआरएस सरकार से खुश नहीं हैं क्योंकि उन्हें दलित बंधु और बीसी बंधु जैसी योजनाएं नहीं मिल रही हैं और उनकी पंचायतें राज्य सरकार से फंड नहीं मिल रहा है। उन्होंने दावा किया कि तेलंगाना में 18 से 35 साल की उम्र के 60 से 70 फीसदी लोग पूरी तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में हैं।



## पंजाब में कानून व्यवस्था बदहाल : जाखड़

लुधियाना के व्यवसायी संभव जैन को शुक्रवार रात उनकी फैक्टरी के पास से फिरौती के लिए अपहरण के बाद गोली मारे जाने के बाद आई है। जाखड़ ने जैन के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेने के लिए यहां एक अस्पताल का दौरा किया। पंजाब भाजपा के प्रमुख सुनील जाखड़ ने पंजाब में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की आलोचना की और आरोप लगाया कि राज्य के उद्योगपतियों और लोगों में दहशत है। उनकी यह टिप्पणी लुधियाना के व्यवसायी संभव जैन को शुक्रवार रात उनकी फैक्टरी के पास से फिरौती के लिए अपहरण के बाद गोली मारे जाने के बाद आई है। जाखड़ ने जैन के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेने के लिए यहां एक अस्पताल का दौरा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब में गैंगस्टरों द्वारा हत्याएं और अपहरण आम बात हो गई है। भारतीय जनता पार्टी की पंजाब इकाई के अध्यक्ष ने कहा, राज्य में कानून एवं व्यवस्था तंत्र पूरी तरह चरमरा गया है। पुलिस बल काफी हतोत्साहित है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, विशेषकर उद्योगपतियों और व्यापारियों तथा सामान्य तौर पर पंजाब के लोगों में दहशत है। जाखड़ ने आरोप लगाया कि दिनदहाड़े हत्या, गोलीबारी और फिरौती की मांग की खतरनाक प्रवृत्ति नई घटनाएं हैं जो राज्य में आप सरकार के तहत उभरी हैं।



# राजस्थान में प्रियंका व मोदी में प्रचार वार

## एकदूसरे को घेर रहे पीएम व कांग्रेस नेता, बीजेपी बोली- गहलोत सरकार जाने वाली है, राजे व पायलट ने भी संभाला मोर्चा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

जयपुर। राजस्थान में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने पूरी तरह से चुनावी मोर्चा संभाल लिया है। विधानसभा चुनाव के बीच बीजेपी और कांग्रेस में तीखी जुबानी जंग देखने को मिल रही है। पीएम मोदी और प्रियंका गांधी दोनों एक दूसरे पर जमकर हावी हो रहे हैं। एक तरफ पीएम मोदी ने खड़गे पर गाली देने का आरोप लगाया तो दूसरी तरफ प्रियंका ने मोदी के झूठे आरोपों का मजाक उड़ाया। राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान चार दिन बाद होने वाले हैं। पीएम नरेंद्र मोदी लगातार चुनाव प्रचार के बीच कांग्रेस को घेरकर का विक्टिम कार्ड खेल रहे हैं।

पीएम मोदी लगातार कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व और गहलोत सरकार को घेरने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। वहीं प्रियंका गांधी भी मोदी पर जमकर हमलावर बनी हुई है। प्रियंका भी मोदी के खेले गए विक्टिम कार्ड का लगातार अपनी सभाओं में मजाक उड़ा रही हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने 18 नवंबर को नागौर में मल्लिकार्जुन खड़गे को घेरते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने मेरे पिताजी को गाली दी है। जबकि उनको गुजरे हुए 40 साल हो गए हैं। खड़गे जी आप ऐसे तो नहीं थे। मैंने तो गारंटी दी है कि मैं भ्रष्टाचार से लड़ता रहूंगा। इसके जवाब में प्रियंका गांधी ने सागवाड़ा में कहा कि पीएम मोदी को झूठे आरोप लगाने आते हैं। उन्होंने कहा कि हमने 10 गारंटी दी है। इसमें बीमा से लेकर सामाजिक सुरक्षा भी शामिल है। हमने जो काम किया है। वह प्रदेश की किसी भी सरकार ने नहीं किया। पीएम मोदी ने अपनी चुनावी सभाओं के दौरान कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति को लेकर जमकर आरोप लगाए। उन्होंने कई बार कहा कि कांग्रेस हिंदू विरोधी पार्टी है। उधर, प्रियंका गांधी ने भी मोदी और बीजेपी का पलटवार जवाब दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा धर्म के नाम पर राजनीति करती है। हमेशा मंदिर, मस्जिद, हिंदू, मुस्लिम के नाम पर लोगों को बांटती रहती है और वोट बटोरने का काम करती है।



### केवल झूठे आरोप लगाते हैं पीएम : प्रियंका

पीएम मोदी ने गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने अपनी सभा में स्वीकार किया कि उनके विधायकों ने काम नहीं किया है। क्योंकि गहलोत तो अपनी कुर्सी बचाने में लगे हुए थे। उधर, इस पर प्रियंका गांधी ने पलटवार करते हुए कहा कि राजस्थान में जो कांग्रेस सरकार ने काम किए हैं। वह कहीं भी नहीं हुए। मोदी जी केवल झूठे आरोप लगाते हैं। हमारी योजनाओं में कमी निकालने के लिए उनके पास कोई मुद्दा नहीं है।



## गहलोत और पायलट पर भी मोदी का वार


पीएम मोदी ने गहलोत और पायलट को जमकर निशाना बनाया। उन्होंने राहुल गांधी के साथ गहलोत और पायलट के हाथ मिलाते हुए की फोटो को लेकर तंज कसा। कहा दोनों के हाथ मिलाने का शतक पूरा हो चुका है। लेकिन आज भी उनके मन में खटास है। इधर, प्रियंका गांधी ने कहा कि बीजेपी को अब तक राजस्थान में सीएम के लिए कोई चेहरा नहीं मिला है। उन्होंने मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि आपने मोदी जी की वह फोटो देखी होगी, जिसमें वह जीप में टोपी लगाकर दूरबीन से देख रहे हैं। ऐसा लग रहा है...वह कुछ ढूंढ रहे हैं राजस्थान के जंगलों में ...उन्हें एक दूरबीन भेज देते हैं, ताकि सीएम का चेहरा भी ढूंढ लें। क्या पता उन्हें मिल जाए। पीएम मोदी ने लाल डायरी के मुद्दे को लेकर अशोक गहलोत को जमकर घेरते हुए तंज कसा। उन्होंने कहा कि लाल डायरी के कारण मुख्यमंत्री का बेटे भी यह लिखकर कह रहे है कि इस बार पापा की सरकार नहीं आएगी। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अरे! गहलोत जी आपकी जादूगरी आपके बेटे पर भी नहीं चली। उधर, प्रियंका गांधी ने इसका जवाब देते हुए कहा कि मोदी जी प्रदेश के कोने कोने में घूम रहे हैं। क्योंकि इनको अपने नेताओं पर भरोसा नहीं है। उन्हें अभी तक सीएम फेस नहीं मिला है। जब इनके पास कोई नेता नहीं है तो, सरकार कौन चलेगा? मोदी जी तो आकर नहीं चलाएंगे सरकार। बीते दिनों जयपुर के गणपति प्लाजा में लॉकर में मिले करोड़ों रुपए की नगदी और सोने के मामले में भी पीएम मोदी ने जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि लॉकर में मिला खजाना कांग्रेस का पाप है। उन्होंने कहा कि जो इन लोगों ने लूटा है वह देश को वापस लौटना पड़ेगा। उधर, प्रियंका ने कहा कि बीजेपी केवल बड़े उद्योगपतियों के लिए काम करती है। बीजेपी सरकार ने सभी उद्योगों को कमजोर करके केवल अपने दोस्तों को सौंप दिए। इसके कारण युवा वर्ग रोजगार के लिए भटक रहे हैं। जहां भी युवाओं को रोजगार मिल सकता है, उन्हें कमजोर कर दिया गया हैं। उन्होंने कहा कि किसान एक दिन में केवल 27 रुपए कमाता है। लेकिन मोदी जी के करीबी अडानी जी एक दिन में 16 हजार करोड रुपए कमाते हैं।

# राजे से जुड़ रहे लोग, रो रहे अपना दुखड़ा

राजस्थान के अनूपगढ़ जिले में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की सभा के दौरान एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया। इसको देखकर वसुंधरा राजे भी चौक गईं। घमसाना में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वसुंधरा राजे चुनावी सभा को संबोधित करने के बाद जैसे ही लौटने लगी तो, एक किसान उनके पास आकर फूट-फूट कर रोने लगा। बाद में वसुंधरा ने किसान की बात सुनी और उसे दिलासा देकर समस्या के निस्तारण का आश्वासन दिया। तब जाकर किसान शांत हुआ। दरअसल, रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे घमसाना में चुनावी सभा को संबोधित करने के बाद लौट रही थी। इस बीच अचानक एक किसान मंच के समीप पहुंच गया और फूट-फूट कर रोने लगा। इस पर वसुंधरा राजे उस किसान के पास पहुंचीं। वसुंधरा ने किसान से उसका नाम पूछा और रोने का कारण जानना चाहा तो, किसान ने अपना नाम महावीर बताया। उसने बताया कि उसकी 9 बीघा जमीन है। पहले उसे सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलता था। लेकिन कांग्रेस सरकार के आने के बाद उसे सिर्फ दो बीघा जमीन पर ही सिंचाई के लिए पानी दिया जा रहा है। इसको लेकर उसने तीन बार केस लड़कर जीते। लेकिन



फिर भी उसकी समस्या नहीं हल हुई। किसान ने बताया कि उसे सिंचाई और पीने के लिए पानी के लिए 3 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। किसान ने बताया कि उसने एक बीघा जमीन स्कूल को दान की थी। जहां पौधे लगाए गए। लेकिन वह भी पानी के अभाव में सूख गए हैं। उसे पानी की किल्लत से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले को लेकर तीन बार केस लड़कर जीत भी दर्ज की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। उसने बताया कि कोई भी अधिकारी उसकी बात सुनने को तैयार नहीं है। यह कहते ही किसान वसुंधरा राजे के सामने फूट-फूट कर रोने लगा। इस पर वसुंधरा ने उसे संभाला। पानी की किल्लत से परेशान किसान वसुंधरा राजे के सामने फूट-फूट कर रोकर अपनी व्यथा बताने लगा। इस पर वसुंधरा राजे ने किसान को संभालते हुए चुप करवाया और पास में खड़े पूर्व मंत्री सुरेंद्र पाल सिंह टीटी को बुलवाया। साथ में उन्हें किसान की समस्या को नोट कर समाधान करवाने की बात कही। इस मौके पर वसुंधरा ने कहा कि प्रदेश में किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।



## जिद... सच की



Sanjay Sharma

editor.sanjaysharma

@Editor_Sanjay

# एआई और डीपफेक पर निगरानी जरूरी

> कृत्रिम बौद्धिकता (एआइ) तकनीक के आगमन ने अगर सुविधाओं के नए रास्ते खोले हैं तो दुनियाभर में चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। इस तकनीक का दुरुपयोग बड़े पैमाने पर शुरू हो चुका है। एआइ के जरिए डीपफेक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे हैं। गलत सूचनाएं, ऑडियो-वीडियो और तस्वीरें फैलाने वालों के हाथों में एआइ ने खतरनाक उस्तरा थमा दिया है।

जब नई तकनीकी आती है तो साथ में दिक्कते भी लाती हैं। आज एआई अर्थात आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग तेजी से बढ़ रहा है। इसी के साथ डीपफेक की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। थॉमस अल्वा एडिसन ने कहा था कि हर नई तकनीक सुविधाओं के साथ कुछ नकारात्मक पहलू भी लाती है। नित नई तकनीक के दौर से गुजर रही दुनिया में उनका कथन प्रासंगिक बना हुआ है। कृत्रिम बौद्धिकता (एआइ) तकनीक के आगमन ने अगर सुविधाओं के नए रास्ते खोले हैं तो दुनियाभर में चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। इस तकनीक का दुरुपयोग बड़े पैमाने पर शुरू हो चुका है। एआइ के जरिए डीपफेक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे हैं। गलत सूचनाएं, ऑडियो-वीडियो और तस्वीरें फैलाने वालों के हाथों में एआइ ने खतरनाक उस्तरा थमा दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी डीपफेक को देश के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक बता इसके खिलाफ जनता को शिक्षित करने पर जोर दिया है। यह तकनीक व्यक्तिगत प्रतिष्ठा और स्वायत्तता को चुनौती ही नहीं है, राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी खतरे खड़े कर सकती है। देश में कई प्रतिष्ठित हस्तियां डीपफेक वीडियो का शिकार हो चुकी हैं। कई विदेशी हस्तियों के भी डीपफेक वीडियो सामने आ चुके हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की के डीपफेक वीडियो में तो वे रूस से लड़ रही अपनी सेना को सरेंडर करने के लिए कह रहे हैं। इजरायल-हमास युद्ध के भी कई डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। पहले डीपफेक का ज्यादातर इस्तेमाल पोर्नोग्राफी वीडियो और तस्वीरें बनाने में होता था। एआइ फर्म डीपट्रेस ने 2019 में इंटरनेट पर 15 हजार डीपफेक वीडियो का पता लगाया था। इनमें से 96 फीसदी पोर्नोग्राफी से जुड़े थे। डीपफेक तकनीक का दुरुपयोग रोकने और फर्जी वीडियो की पहचान के लिए बेहतर प्रौद्योगिकी विकसित करने की जरूरत है। चिंता की बात है कि सोशल मीडिया मंचों और टेक कंपनियों ने डीपफेक वीडियो पर अंकुश के लिए कोई बड़ी पहल नहीं की है। भारत सरकार इस मुद्दे पर सोशल मीडिया मंचों से चर्चा की तैयारी कर रही है। कई देशों की सरकारें डीपफेक के नियमन की तैयारी में हैं। कुछ अमरीकी राज्यों में बगैर सहमति डीपफेक बनाने को अपराध घोषित किया जा चुका है। यूरोपीय देशों में भी कानून बनाने की तैयारी चल रही है। सिर्फ कानून बनाने से समस्या से पार पाना संदिग्ध है। जरूरत ऐसे तंत्र की है, जो डीपफेक की सतत निगरानी रख अवांछित सामग्री फैलाने के सभी रास्ते बंद रखे।

(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)

# केशव की नाराजगी बढ़ा सकती है भाजपा की मुश्किलें

अजय कुमार

उत्तर प्रदेश में बीजेपी के दिग्गज नेता और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या हमेशा सुर्खियों में बने रहते हैं। मौर्या बीजेपी का बड़ा चेहरा है। खासकर पिछड़ा समाज को लुभाने के लिए बीजेपी आलाकमान वर्षों से केशव प्रसाद मौर्या की 'ताकत' का इस्तेमाल करता रहा है। पूर्वांचल में केशव का खास दबदबा है। केशव की ताकत का अंदाजा इसी से लग जाता है कि बीजेपी ने 2017 के विधान सभा चुनाव केशव प्रसाद मौर्या को एक तरह से सीएम चेहरे के रूप में प्रोजेक्ट करके चुनाव लड़ा और समाजवादी पार्टी को बड़े अंतर से हरा का सामना पड़ा था, लेकिन जब सीएम बनने की बारी आई तो केशव मौर्या को उनके खिलाफ चल रहे कुछ मुकदमों का हवाला देते हुए साइड लाइन कर दिया गया और बीजेपी आलाकमान ने हिन्दुत्व का नया प्रयोग करते हुए सीएम के रूप में गोरखपुर के तत्कालीन सांसद योगी आदित्यनाथ का चेहरा आगे कर दिया। परंतु बाद में पिछड़ों की नाराजगी को भांपते हुए केशव प्रसाद मौर्या को डिप्टी सीएम की कुर्सी दी गई, जिस पर बैठने से पहले तो केशव ने मना कर दिया, लेकिन हाईकमान के कहने पर उन्हें बेमन से डिप्टी सीएम बनना पड़ गया। उनके साथ ही ब्राह्मणों को लुभाने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रोफेसर डा. दिनेश शर्मा को भी उप मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ दिलाई गई। बाद में दिनेश शर्मा की जगह बृजेश पाठक को यह (उप मुख्यमंत्री की) जिम्मेदारी सौंप दी गई।

केशव डिप्टी सीएम तो बन गये थे, लेकिन इसके साथ ही उनकी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ट्यूनिंग नहीं बैठने की खबरें भी आने लगीं। केशव प्रसाद मौर्या और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कालीदास मार्ग पर सरकारी आवास अगल-बगल था, परंतु दोनों के बीच मुलाकात नहीं होती थी। हद तो तब हो गई जब केशव प्रसाद मौर्या के पिता जी का निधन हो गया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके आवास जाकर शोक व्यक्त करने में हफ्ते भर का समय लग गया। इसके बाद तो अक्सर ही कुछ महीनों के अंतराल पर योगी और केशव के बीच मनमुटाव की खबरें आम होने लगीं, जिसको समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव खूब हवा देते हैं। अखिलेश डिप्टी सीएम को स्टूल वाला उप मुख्यमंत्री तक कह कर संबोधित करते



रहे हैं। वह अक्सर कहते रहते हैं कि केशव यदि समाजवादी पार्टी में आ जायें तो समाजवादी पार्टी उन्हें सीएम बना देगी।

दरअसल बीजेपी में केशव प्रसाद मौर्या की बेइज्जती की खबरें फैला कर अखिलेश पिछड़ों को बीजेपी की खिलाफ भड़काने की मुहिम लम्बे समय से चला रहे हैं। इधर आजकल एक बार फिर से केशव प्रसाद मौर्या की नाराजगी की खबरें आ रही हैं। हाल ही में अयोध्या में योगी की कैबिनेट की बैठक और इसके बाद अयोध्या में ही दीपोत्सव कार्यक्रम से लेकर अन्य कई सरकारी कार्यक्रमों में केशव प्रसाद मौर्या की अनुपस्थिति को केशव की नाराजगी से जोड़कर देखा जा रहा है। इसे लेकर सवाल उठ रहे हैं क्या ये महज एक संयोग है या फिर बात कुछ और है। आजकल केशव प्रसाद मौर्य के मन में क्या चल रहा है, इसे लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। जरूरी नहीं कि हर बात जुबान से कही जाए। कई बार तो इशारे और कुछ मौकों पर उनकी गैर मौजूदगी ही सब कुछ कह जाती है। जिन्हें समझना है वे समझ ही जाते हैं। केशव प्रसाद मौर्या पिछड़ा समाज से आते हैं और पिछड़ा समाज को लुभाने के लिए बीजेपी एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है, फिर केशव की अनदेखी क्यों हो रही है, इस सवाल का जवाब हर जागरूक नागरिक और बीजेपी के नेता/कार्यकर्ता जानना चाहते हैं। केशव की नाराजगी या कहें कि पार्टी में उनकी अनदेखी के चलते राजनीति के गलियारे में यह चर्चा आम है कि बीजेपी क्यों किसी बड़े दलित या पिछड़ा समाज के नेता को आगे बढ़ा या पचा नहीं पाती है। आज बीजेपी में पिछड़े और दलित नेताओं का पूरी तरह से अभाव है, जो एक-दो दलित या ओबीसी नेता सामने दिखाई भी देते हैं, उनकी अपने समाज में पैठ नहीं के बराबर है। कुल मिलाकर आज की तारीख में बीजेपी आलाकमान ने दलितों और ओबीसी को लुभाने के लिए अपने कुछ अगड़ी जाति के नेताओं को आगे कर रखा है। ऐसे में लोकसभा चुनाव के समय यह सही तरह से पता चल पायेगा कि दलितों और ओबीसी समाज को ऊंची जाति के रहनुमाओं की सरपरस्ती कितनी रास आती है। सीएम योगी और डिप्टी सीएम केशव के मनमुटाव की खबरें आती रहती हैं। इसीलिये पूछा जा रहा है यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य दीपोत्सव कार्यक्रम में अयोध्या क्यों नहीं गए? जितने लोग, उतनी बातें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक समेत कई मंत्री उस दिन वहां मौजूद रहे।

# वोटों की राजनीति के चलते गैस चैंबर बन गए हैं दिल्ली व एनसीआर

योगेन्द्र योगी



जर्मनी के तानाशाह हिटलर ने करीब 60 लाख यहूदियों की गैस चैम्बर में जहरीली गैस छोड़ कर हत्या की थी। कमोबेश यही हालत देश के नेता राजधानी दिल्ली के करोड़ों लोगों की कर रहे हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि हिटलर ने नस्लवादी मानसिकता से सुनयोजित तरीके से इस भीषण नरसंहार को अंजाम दिया था और भारत में नेताओं की वोटों की राजनीति के कारण इसे अंजाम दिया जा रहा है। प्रदूषित जहरीली हवा से तिल-तिल करके मरने के लिए करोड़ों लोगों को छोड़ दिया गया है। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र के करोड़ों लोग जहरीली हवा लेने को मजबूर हैं। वायु प्रदूषण से मुंबई की हालत भी खराब है। दिल्ली की तरह मुंबई भी गैस चेंबर बनी हुई है। मुंबई की हवा में सांस लेना एक दिन में 100 सिगरेट पीने के बराबर आंकी गई है। दिल्ली की हालत इससे भी कई गुना ज्यादा खराब है। दिल्ली में इतनी बड़ी आबादी लापरवाही और राजनीतिक स्वार्थों के चलते भीषण प्रदूषित हवा से तिल-तिल करने को मजबूर है।

हर दिन हजारों की संख्या में श्वांस के रोगियों की तादाद बढ़ रही है। बच्चों और बुजुर्गों का जीना मुहाल हो चुका है। दिल्ली का वायुमंडल विश्व में सबसे प्रदूषित करार दिया जा चुका है। वोटों की राजनीति राजधानी के लोगों के जीवन पर भारी पड़ रही है। यदि सुप्रीम कोर्ट इसमें दखल नहीं देता तो दिल्ली और आस-पास के हालात शायद हिटलर के कत्लगाह बने जहरीले गैस चैम्बर जैसे बन जाते। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र में जानलेवा बने वायु प्रदूषण के मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली की दमघोंटू जहरीली हवा लोगों के स्वास्थ्य की हत्या के लिए जिम्मेदार है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दिल्ली में वायु प्रदूषण एक राजनीतिक लड़ाई नहीं बन सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हर सर्दियों में दिल्ली के वायु प्रदूषण में बड़े पैमाने पर बढ़ोतरी के पीछे पड़ोसी राज्यों-पंजाब और हरियाणा में पराली जलना एक प्रमुख कारक है। इसमें पंजाब सरकार से पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए कदम उठाने को कहा गया। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार के वकील से कहा कि हम नहीं जानते कि आप इसे कैसे करते हैं, यह आपका काम है। लेकिन इसे रोका जाना चाहिए। तुरंत कुछ किया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील अपराजिता सिंह ने कहा कि पंजाब में खेतों में लगने वाली आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की वायु गुणवत्ता में गिरावट के लिए पराली जलाने का प्रमुख योगदान है। उन्होंने कहा कि सीएक्यूएम (वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग) और राज्य कह रहे हैं कि वे वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सभी कदम उठा रहे हैं। लेकिन पराली जलाना अभी भी जारी है। प्रदूषण की समस्या को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब और उत्तर प्रदेश को निर्देश देते हुए कहा कि ये राज्य पराली जलाना तुरंत बंद कर दें। मामले पर कोर्ट ने दिल्ली सरकार को निशाने पर लिया।

जस्टिस संजय किशन कौल और सुधांशु धुलिया की बेंच ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण कम करने वाले स्मॉग टावर लगाए गए और उनका खूब प्रचार किया गया लेकिन वह बंद पड़े हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तरफ से पराली को नष्ट कर खाद बनाने वाले केमिकल के प्रचार पर भी सवाल उठाया। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली सरकार ने पराली को खाद बनाने वाले एक केमिकल का दावा किया था। क्या यह कभी सफल हुआ? लगता है यह सब सिर्फ दिखावा ही था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले में केवल एक दूसरे पर दोषारोपण का खेल जारी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमने अपना बुलडोजर शुरू किया तो हम नहीं रुकेंगे। अदालत ने यह भी पूछा कि पंजाब में धान क्यों उगाया जा रहा है, जबकि जलस्तर पहले से ही इतना नीचे है। आप क्या कर रहे हैं? अपने जलस्तर को देखें। आप पंजाब में धान की अनुमति क्यों दे रहे हैं? आप पंजाब को हरित भूमि से बिना फसल वाली भूमि में बदलना चाहते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि पंजाब में धान की खेती का विकल्प खोजा जाए। पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में कोई कमी नहीं आ रही है। पराली जलाने की बढ़ती घटनाओं से राज्य की आबोहवा खराब हो रही है। इसका असर दूसरे राज्यों पर भी पड़ रहा है। प्रमुख शहर जैसे अमृतसर, बठिंडा, लुधियाना में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) काफी खराब कैटेगरी में चल रहा है। पंजाब में सबसे ज्यादा पराली जलाने के मामले सामने आए हैं। पंजाब में कुल 1,830 मामले दर्ज किया जा चुके हैं। फिरोजपुर दूसरे नंबर पर हैं। अकेले फिरोजपुर में 299 मामले पराली जलाने के दर्ज किए गए हैं।

दिवाली के बाद वायु प्रदूषण की हालत और भी खराब हो गयी है। चिकित्सकों के मुताबिक पिछले कुछ महीनों में ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ रही है, जो फेफड़ों के इंफेक्शन से ठीक होने के बाद भी सांस फूलने की शिकायत कर रहे हैं। युवा मरीजों में भी ऐसे लक्षण दिखाई दे रहे हैं। कई गंभीर मरीजों को आईसीयू में भर्ती करना पड़ा है। ऐसे लक्षणों वाले सभी मरीजों में करीब 50 प्रतिशत या दो में से एक जो ओपीडी में आ रहे हैं, उन्हें कम से कम एक या दो दिनों के लिए भर्ती होना पड़ रहा है। करीब 30 प्रतिशत मरीजों को आईसीयू में एडमिट होने की जरूरत होती है। वायु प्रदूषण से लंग्स कैंसर के मामले भी बढ़ रहे हैं। द लैंसेंट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, वायु प्रदूषण के कारण 2019 में भारत में 16.7 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई।





# नवाबों का शहर है स्ट्रीट फूड हब

## लखनऊ की इन जगहों पर उठाएं मशहूर व्यंजनों का लुत्फ



नवाबों का शहर लखनऊ अपने जायकेदार खाने के लिए मशहूर है। यहां का स्थानीय लजीज व्यंजन पूरी दुनिया में पसंद किया जाता है। लखनऊ कबाब के लिए काफी मशहूर है। हालांकि अब लखनऊ सबसे बड़े स्ट्रीट फूड हब के तौर पर विकसित हो रहा है। कुछ समय पहले ही गोदरेज फूड ट्रेंड रिपोर्ट 2023 में स्वादिष्ट स्ट्रीट कल्चर के लिए अग्रणी स्थानों की पहचान की गई, जिसमें उभरते हुए भारतीय स्ट्रीट फूड हब की खोज की गई। इस दौरान 63 फीसदी विशेषज्ञों ने लखनऊ को प्रमुख स्ट्रीट फूड गंतव्य माना। दूसरे स्थान पर कोलकाता रहा, जिसे 57 प्रतिशत लोगों ने स्ट्रीट फूड के लिए बेहतर स्थान माना। वहीं अमृतसर तीसरे और चौथे स्थान पर इंदौर के स्ट्रीट फूड को शामिल किया गया। लखनऊ में स्ट्रीट फूड कल्चर तेजी से बढ़ रहा है। यहां जगह-जगह पर मशहूर स्ट्रीट फूड्स मिल जाएंगे।

### अमीनाबाद

अमीनाबाद लखनऊ में स्ट्रीट फूड की सबसे पुरानी और बड़ी जगह है। यहां के कबाब, दही बड़े, फालूदा कुल्फी काफी मशहूर है। अमीनाबाद में खरीदारी के लिए आने वालों को यहां के स्ट्रीट फूड का जायका लेना चाहिए। अमीनाबाद के गड़बड़ झाला की मार्केट भी कुछ ऐसी ही है मतलब सुबह 10 बजे से ही चहल पहल देखने को मिल जाती है उसी चहल पहल के बीच ये खस्ते वाले अंकल भी दिखते है जो छोटे साइज वाले अपने खस्ते कचौड़ी के लिए काफी पॉपुलर है गरमा गरम काबुली छोलो के साथ इसको फोड़ के सर्व करते हैं।

### चटोरी गली

गोमती नगर में 1090 चौराहे के पास चटोरी गली है। नाम से ही स्पष्ट है इस गली में खाने के लिए तरह तरह के व्यंजन मिलते हैं। पोटैटो ट्विस्टर, सोया चाप, मोमो समेत हर तरह के स्ट्रीट फूड का स्वाद यहां ले सकते हैं। यहां आपको भारत के कई तरह के व्यंजन मिल जायेंगे इसके साथ साथ कई विदेशी फूड स्टाल भी यहां मौजूद हैं। इसके बाद आपको ये करीब एक किलोमीटर तक फैली छतोली गली नज़र आ जाएगी।

### हजरतगंज

लखनऊ के हजरतगंज में शाम के वक्त लजीज व्यंजनों की खुशबू गलियों में फैल जाती हैं। हजरतगंज की सड़कों पर पांच पानी वाले गोलगप्पे, खस्ते कचौड़ियां और रसमलाई, मटका बिरयानी खाने को मिल जाएगी।

### कपूरथला

लखनऊ के कपूरथला क्षेत्र में लजीज वेज परांठा, 12 पानी वाले गोल गप्पे, छोले भटूरे और मसाला शिकंजी, भेलपुरी, कुल्हड़ पिज्जा आदि मिलता है। बजट में स्ट्रीट फूड का आनंद लेने के लिए कपूरथला जा सकते हैं। हमलोगों में से बहुत सारे लोग कबाब खाने के शौकीन होते हैं। वेज कबाब खाने का भी अपना मजा है, खाने में जितना स्वादिष्ट कबाब होता है, वहीं वेज कबाब पराठा रोल के स्वाद का भी कोई जवाब नहीं।





## हंसना मना है

एक लड़की ने अपने बॉयफ्रेंड से पूछा, तुम्हें खुशी मिलती है जब मैं रोती हूं? उसने जवाब दिया, नहीं, मुझे उस वक्त खुशी मिलती है। जब तुम मुझे रोते हुए फोटो भेजती हो!

बेटा- 6 और 7 पापा! बाप- शाबाश बेटा मेरा तो बहुत इंटेलीजेंट है अच्छा तो 6, 7 के बाद! बेटा- 8, 9, 10, बाप- और उसके बाद? बेटा- और उसके बाद गुलाम, बेगम और बादशाह!

एक भिखारी को 100 का नोट मिला, वो फाइव स्टार होटेल में गया और भरपेट खाना खाया, 1500 रुपये का बिल आया, उसने मैनेजर से कहा, पैसे तो नहीं है, मैनेजर ने पुलिस के हवाले कर दिया, भिखारी ने पुलिस को 100 का नोट दिया, और छूट गया, इसे कहते हैं... फाइनेन्सियल मैनेजमेन्ट विदाउट एमबीए।

टीचर- एक टोकरी में 10 आम है , उसमें से 2 आम सड़ गए, बताओ कितने आम बचे? संजू- सर, 10 आम, टीचर- वो कैसे? संजू - सड़ने के बाद भी आम तो आम ही रहेगा ना, केले तो बन नहीं जायेंगे, आज संजू एक वकील है।

पत्रकार- 80 साल की उम्र में भी आप बीवी को डार्लिंग कहते हैं, इस प्यार का राज क्या है? बूढ़ा व्यक्ति- बेटे 20 साल पहले इनका नाम भूल गया था, पूछने की हिम्मत नहीं हुई, इसलिए डार्लिंग कहता हूं...

## कहानी | भगवान जी आप अपना ध्यान रखना

एक बार की बात है एक बच्चा जो रोज अपने दादा जी को सायंकालीन पूजा करते देखता था। बच्चा भी उनकी इस पूजा को देखकर अंदर से स्वयं इस अनुष्ठान को पूर्ण करने की इच्छा रखता था, किन्तु दादा जी की उपस्थिति उसे अवसर नहीं देती थी। एक दिन बच्चे को यह मौका मिल गया जब एक दिन दादा जी को शाम को आने में विलंब हुआ, तो बच्चे ने समय पर पूजा प्रारम्भ कर दी। जब दादा जी आये, तो दीवार के पीछे से बच्चे की पूजा देख रहे थे। बच्चा बहुत सारी अगरबत्ती एवं अन्य सभी सामग्री का अनुष्ठान में यथाविधि प्रयोग करता है और फिर अपनी प्रार्थना में कहता है। भगवान जी प्रणाम! आप मेरे दादा जी को स्वस्थ रखना और दादी के घुटनों के दर्द को ठीक कर देना, क्योंकि दादा-दादी को कुछ हो गया, तो मुझे चॉकलेट कौन देगा। बच्चा फिर आगे कहता है, भगवान जी मेरे सभी दोस्तों को अच्छा रखना, वरना मेरे साथ कौन खेलेगा। फिर मेरे पापा और मम्मी को ठीक रखना, घर के कुत्ते को भी ठीक रखना, क्योंकि उसे कुछ हो गया, तो घर को चोरों से कौन बचाएगा। लेकिन भगवान यदि आप बुरा न मानो तो एक बात कहूं, सबका ध्यान रखना, लेकिन उससे पहले आप अपना ध्यान रखना, क्योंकि आपको कुछ हो गया, तो हम सबका क्या होगा। इस सहज प्रार्थना को सुनकर दादा की आंखों में भी आंसू आ गए, क्योंकि ऐसी प्रार्थना उन्होंने कभी नहीं की थी। हमें उन परमपिता का हमेशा अभारी होना चाहिए जिन्होंने हमें बिना मांगे सब कुछ दिया है। और इसके बदले में वे मुझसे कुछ नहीं चाहते हैं। इसलिए हमें भगवान का हमेंशा शुक्रगुजार होना चाहिए और उसके महत्व को भी समझना चाहिए।

## 7 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष**
आज दोस्तों के साथ समय व्यतीत करना पसंद करेंगें। सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा। कुछ लोग आपसे ज्यादा उम्मीद रख सकते हैं। आप उनकी उम्मीदों पर खरे भी उतरेंगे।

**वृषभ**
आज अन्य दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है। यदि आज आप अपने व्यापार में स्थान परिवर्तन की योजना बना रहे हैं, तो वह आपके लिए लाभदायक रहेगा।

**मिथुन**
आपका दिन बेहतरीन रहेगा। इस राशि के लोग बच्चों की पढ़ाई के सिलसिले में किसी अनुभवी से सलाह लेंगे। आपको किसी काम से बाहर जाना पड़ेगा।

**कर्क**
परिवार के सदस्यों के साथ कुछ आराम के पल बिताएं। ऑफिस में आपके काम की प्रशंसा होगी। किसी करीबी से आपको बड़ी खुशखबरी मिल सकती है।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहेगा, फिर भी आज आप धर्म-कर्म के कार्यों के लिए थोड़ा समय निकालने में कामयाब रहेंगे। नवयुगल काफी खुश रहेंगे।

**कन्या**
दिन फायदेमंद रहेगा। आपके रूके हुए काम पूरे होंगे। आपको किसी खास दोस्त से मदद भी मिलेगी। आपके विरोधी आपसे दूरियां बनाकर रखेंगे।

**तुला**
आज पार्टनर के साथ समय बिताएं। इससे संबंध मजबूत हो सकते हैं। पारिवारिक तनावों को गम्भीरता से लें, लेकिन बेकार की चिंता सिर्फ मानसिक दबाव में ही इजाफा करेगी।

**वृश्चिक**
आज आपको दिन भर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आज आप अपने परिवार के सभी लोगों के साथ मिलकर अथवा दोस्तों के साथ किसी पार्टी का आयोजन कर सकते हैं।

**धनु**
आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। आप सामाजिक कार्यों के लिए लोगों से मुलाकात करेंगे। ऑफिस में प्रतियोगिता जैसी स्थिति बन सकती है।

**मकर**
प्रेम-प्रसंग में आपको सफलता मिल सकती है। आपका मन प्रसन्न रहेगा। व्यापार में निकटवर्ती सहयोगी से अच्छा व्यवहार करने से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है।

**कुम्भ**
आज का दिन आपको अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना होगा। यदि आज आप किसी सदस्य से संबंधित कोई फैसला ले, तो बहुत ही सोच विचार कर ले।

**मीन**
आपकी किस्मत आप पर मेहरबान रहेगी। तय समय में ही आपके सारे कार्य पूरे हो जायेंगे। आप जो भी करना चाहेंगे,उसमें लोगों का पूरा सहयोग मिलेगा।

बॉलीवुड | मन की बात

# भारत ने पूरे टूर्नामेंट को खेला वह गर्व की बात है : शाहरुख



वर्ल्डकप फाइनल मैच 2023 में टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा। इस हार से जहां करोड़ों देशवासियों का दिल टूट गया, वहीं सेलेब्स में भी मायूसी छायी रही। हालांकि, रिजल्ट्स को दरकिनार करते हुए सितारों ने टीम इंडिया का हौसला बढ़ाया। रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मैच को देखने शाह रुख खान अपने पूरे परिवार के साथ पहुंचे थे। यहां से लौटने के बाद किंग खान ने टीम इंडिया के लिए स्वीट नोट पोस्ट किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के लिए कुछ ऐसा लिखा, जिसने लोगों का दिल छू लिया है। ऑस्ट्रेलिया ने इंडिया को 6 विकेट्स से हरा दिया। इस हार से स्टेडियम में मौजूद और घर पर मैच का आनंद लेने वाले हर भारतीय के चेहरे पर मायूसी छा गई। शाह रुख खान ने इस मैच को वाइफ गौरी और बच्चों आर्यन और सुहाना के साथ देखा। उन्होंने टीम इंडिया को मिली हार के बाद उनके लिए माइक्रो ब्लॉगिंग साइट पर दिल छूने वाली बात लिखी। किंग खान ने मेन इन ब्लू के प्रयासों और मेहनत की तारीफ की। शाह रुख ने लिखा, जिस तरह से टीम इंडिया ने पूरे टूर्नामेंट को खेला, वह गर्व की बात है। उन्होंने शानदार दृढ़ता के साथ गेम खेला। ये खेल है और यहां कभी अच्छे तो कभी बुरे दिन होते हैं। बदकिस्मती से ऐसा आज हुआ। लेकिन टीम इंडिया हमें क्रिकेट में अपनी स्पोर्टिंग लेगेसी से प्राउड फील कराने के लिए धन्यवाद। प्यार और सम्मान। आप हमें एक गौरवान्वित राष्ट्र का हिस्सा बनाते हैं। शाह रुख के अलावा सुनील शेट्टी, अजय देवगन, करीना कपूर, रितेश देशमुख, विवेक ओबरॉय सहित कई अन्य सितारों ने भी टीम इंडिया की शानदार गेम स्ट्रेटजी की तारीफ की। अनुष्का शर्मा ने हार से बुरी तरह टूटे विराट कोहली को गले लगाकर हिम्मत दी। कपल की फोटो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई।

# दीपिका के शादी के खुलासे पर ट्विंकल ने दी प्रतिक्रिया, बोलीं- यह तरीका बिल्कुल सही




बॉलीवुड | मसाला

ट्विंकल खन्ना भले ही इंडस्ट्री से दूर हैं, लेकिन अभिनेत्री किसी ना किसी वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं। ट्विंकल खन्ना अब मशहूर लेखिका हैं और उनकी किताबें भी लोगों द्वारा काफी पढ़ी जाती हैं। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस संग अपनी निजी जिंदगी के किस्से साझा करती रहती हैं। वहीं, अब ट्विंकल खन्ना दीपिका पादुकोण के शादी पर किए खुलासे को लेकर बचाव में उतरी हैं। हाल ही में एक मीडिया बातचीत के दौरान ट्विंकल खन्ना ने दीपिका पादुकोण के कॉफी विद करण शो में शादी को लेकर किए खुलासों पर अपनी राय व्यक्त की हैं। अभिनेत्री ने कहा कि दीपिका पादुकोण चाचाओं, चाचियों और भारत के बहुत सारे गैर-योग्य कुंवारे लोगों को नाराज करने में कामयाब रहीं। दीपिका का यह एक सोच-समझकर सही व्यक्ति को चुनने का तरीका कई महिलाओं को बेकार व्यक्ति से शादी करने से बचा सकता है। अभिनेत्री ने बातचीत को आगे बढ़ाते हुए कहा, हम उस दिन का इंतजार कर रहे हैं, जब विधायक गलत बातें बोलना बंद कर देंगे और समलैंगिक विवाहों को वैध बना देंगे, मुझे लगता है कि दीपिका पादुकोण का सोच-समझकर विकल्प चुनने का विचार महिलाओं को दिखावटी लोगों से शादी करने से बचा सकता है। करण जौहर के चैट शो कॉफी विद करण में दीपिका पादुकोण ने खुलासा किया था कि शादी से पहले वे रणवीर सिंह के साथ एक खुले रिश्ते में थीं। इस बात को लेकर दीपिका को बड़े पैमाने पर सोशल मीडिया ट्रोलिंग का शिकार होना पड़ा। हालांकि, दीपिका ने अभी तक ट्रोलिंग पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। करण जौहर के चैट शो की बात करें तो इसके चार एपिसोड ओटीटी पर स्ट्रीम हो चुके हैं और अब इसके आगामी एपिसोड्स में करण जौहर के काउच पर सिद्धार्थ मल्होत्रा और वरुण धवन बैठे हुए दिखाई देंगे।

# पारिवारिक परेशानियों से जूझ रही हैं अनुप्रिया

**अभिनेत्री ने निजी जीवन पर की खुलकर बात**


बॉलीवुड अभिनेत्री अनुप्रिया गोयनका टाइगर जिंदा है, पद्मावत और वॉर जैसी बड़ी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने अपने पसंदीदा कोट्स में एक के बारे में बात करते हुए कहा कि एक महिला टूटी हुई नहीं है, बल्कि वह जो लड़ाई जीती है, उसका एक शानदार उदाहरण है। अनुप्रिया कहना है कि कानपुर से मुंबई में फिल्म उद्योग के स्टारडस्ट तक की उनकी यात्रा बेहद व्यक्तिगत रही है, जहां वह अपने सितारों के साथ चमकी हैं। अभिनेत्री का एक दशक लंबा करियर उतार-चढ़ाव से गुजरा है। उन्होंने कहा कि उनके जीवन ने हमेशा उनके सामने चुनौतियां खड़ी की हैं। अनुप्रिया गोयनका ने हाल ही में अपने जीवन के बारे में खुलकर बात करते हुए कहा, पिछले 10 वर्षों में, जबकि अभिनय मेरी यात्रा का एक बड़ा हिस्सा रहा है और मैंने इसे अपने दम पर बनाया है, मेरा पारिवारिक जीवन अभी भी उलझा हुआ है। बता दें कि कानपुर में एक अमीर मारवाड़ी परिवार में जन्मी अनुप्रिया दुनिया की सभी सुख-सुविधाओं की आदी थीं, जब तक वह छह साल की नहीं हो गईं और उन्हें पता चला कि कपड़ों का पारिवारिक व्यवसाय खत्म हो गया है। इसके बाद परिवार रातों-रात 14 कमरों वाले बंगले से दिल्ली में एक कमरे के घर में चला गया था। आर्थिक तंगी के कारण अनुप्रिया को बड़े होकर पारिवारिक व्यवसाय संभालने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कॉल सेंटर में भी नौकरी की। आखिरी में पारिवारिक व्यवसाय को उन्होंने बंद कर दिया। इसके बाद 19 साल की उम्र में अभिनेत्री को अदालती मामले और बैंक देनदारियों का सामना करना पड़ा। अनुप्रिया गोयनका ने बातचीत के दौरान कहा, मेरे कंधों पर अभी भी बहुत कुछ है, मैं आर्थिक, शारीरिक, भावनात्मक रूप से घर की देखभाल करती हूं और सब कुछ करती हूं। कभी-कभी मैं चाहती हूं कि मेरा ध्यान केवल अभिनय पर ही केंद्रित रहे। अभिनेत्री ने आगे कहा, इतने लंबे समय तक इतना कुछ करने, अकेले प्रयास करने से बहुत थकान आ जाती है। मैं अपने एक्टर दोस्त को देखती हूं, जो अपना पूरा ध्यान सिर्फ अभिनय पर केंद्रित करते हैं। इसलिए उनकी सारी खुशी, दुख सब वहीं से आता है। मेरे मामले में, यह अलग है। मैं लगातार अभिनय और अपने पारिवारिक जीवन के बीच जूझती रहती हूं। अनुप्रिया गोयनका ने आगे कहा, मैंने अपने परिवार में डिप्रेशन को करीब से देखा है। मेरा मानना है कि इससे थकान और थकावट की भावना भी बढ़ती है। मैंने इस क्षेत्र में अपना स्वयं का पीआर बनने और इसके तरीके को समझने के लिए संघर्ष किया है। मुझे नहीं पता कि यह कैसे करना है, क्योंकि शुरू से ही मैं इसे अकेले ही करने की आदी हूं।



अजब-गजब | पेड़ से बह रही पानी की धार

# दूर-दूर से देखने के लिए आते हैं लोग

धरती रहस्यों से भरी हुई है। कई जगह आपको चमत्कारिक चीजें देखने को मिल जाती हैं। जब से सोशल मीडिया का जमाना आया है, हम दुनियाभर की ऐसी चीजें देखकर आश्चर्य से भर जाते हैं। एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक पेड़ से पानी की तेज धार बहती हुई दिख रही है। लोग इसे एक जादुई पेड़ कह सकते हैं तो कुछ लोग इसे चमत्कार, लेकिन वास्तविक तौर पर इसे देखकर हर कोई हैरान हैं। दुनियाभर से लोग इसे देखने के लिए आते हैं। दरअसल, मोंटेनेग्रो के डिनोसा गांव में लगभग 150 साल पुराना एक पुराना शहतूत का पेड़ है। इस पेड़ से 1990 के दशक से पानी बह रहा है। जैसे ही भारी बारिश होती है, पानी फव्वारे की शक्ल में बाहर आने लगता है। हम सब जानते हैं कि जीवित पेड़ों से पानी नहीं निकलता। तो आखिर ये है क्या? जब हमने इसकी छानबीन शुरू की तो पता चला कि घास के जिस मैदान में शहतूत का यह पेड़ उगा हुआ है, वहां कई भूमिगत झरने हैं। जब भी भारी बारिश होती है तो उनमें ओवरफ्लो होने लगता है। यही पानी अतिरिक्त दबाव की वजह से पेड़ के खोखले तने के माध्यम से पंप होने लगता है। अक्सर दबाव इतना ज्यादा होता है कि यह पंपिंगसेट की तरह धार फेंकने लगता है, और एक छेद से बाहर निकलने लगता है। एक-दो साल से नहीं, बल्कि ऐसा पिछले 20 से 25 वर्षों से हो रहा है।



है। ऑड सिटी सेंट्रल की रिपोर्ट के मुताबिक, स्थानीय निवासी अमीर हकमराज ने रेडियोफ्री यूरोप को इसके बारे में बताया। उन्होंने कहा, यह पेड़ 150 साल पुराना है। यह पूरी तरह प्राकृतिक चीज है। इसे इंसानों ने खुद नहीं बनाया। जमीन से लगभग 1.15 मीटर की ऊंचाई पर पेड़ के तने से पानी गिरने लगता है। यह भगवान या फिर नेचर का गिफ्ट है। इसी तरह की एक घटना एस्टोनियाई शहर तुहाला में भी देखी जा सकती है, जहां एक पुराने कुएं से पानी ओवरफ्लो होता रहता है। उसे चुड़ैलों का कुआं कहा जाता है। लोगों का कहना है कि चुड़ैल यहां पर शोर मचाती हैं, जिससे यह दुर्लभ घटना देखने को मिलती है। सोशल मीडिया साइट पर यह वीडियो @gunsnrosesgirlx एकाउंट से शेयर किया गया है। इसे अब तक 16 लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है। तमाम लोग इस पर कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, यदि यह इंडोनेशिया में होता तो लोग इस पेड़ को पवित्र मानते, लेकिन मैं इस पेड़ को अपने घर के पास रखना पसंद करूंगा। मिनी फाउंटेन वाला एक पेड़। एक स्थानीय युवक ने लिखा, 20 साल पहले इससे पानी निकलता देखा गया, तब से यह लगातार जारी है।

# गायिका ने खोला खूबसूरती का घिनौना राज, पेशाब से धोती है मुंह



हर किसी की तमन्ना होती है कि वो देखने में खूबसूरत और जवां लगे। इसके लिए लोग तरह-तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। कोई कैमिकल बेस्ड चीजों का इस्तेमाल कर रहा है तो कोई सिर्फ नेचुरल चीज़ों पर ही भरोसा करते हैं। हालांकि आज हम आपको अब जिस महिला के बारे में बता रहे हैं, उसका ब्यूटी सीक्रेट सुनकर ही आपको घिन आने लगेगी। वो बात अलग है कि महिला को इससे कोई दिक्कत नहीं है। कोलंबिया की सिंगर कोरल कोस्टा कोई अनजाना नाम नहीं हैं। वो अपनी खूबसूरत त्वचा को लेकर भी जानी जाती है। हालांकि अब उसने अपने फॉलोअर्स को बताया कि वो अपनी त्वचा को खूबसूरत रखने के लिए एक ऐसी घिनौनी चीज़ का इस्तेमाल करती है, जिसके बारे में आप कल्पना भी नहीं कर सकते। चलिए आपको बताते हैं कि कोरल ऐसा क्या करती हैं, जो उनके फैंस को भी हैरान कर रहा है। कोरल कोस्टा को ऑनलाइन Koral the Diva के नाम से जाना जाता है। उसने हाल ही में अपनी स्वस्थ त्वचा का राज़ बताते हुए कहा कि वो इसके लिए कोई क्रीम-पाउडर नहीं बल्कि पेशाब का इस्तेमाल करती है। इसके लिए वो एक प्लास्टिक कप में अपनी पेशाब लेकर उसे चेहरे पर लगाती है। उनका दावा है कि उनकी स्वस्थ और चमकदार त्वचा का राज़ यही है। वो अपने वीडियो में देखने वालों को चेहरे पर यूरिन डालकर भी दिखाती हैं। उनके इस दावे के बाद तरह-तरह के कमेंट देखने को मिल रहे हैं। कोरल के इस वीडियो को उसके 4.16 लाख इंस्टाग्राम फॉलोअर्स और करीब 4 लाख फेसबुक फैंस ने देखा है। आपको जानकर हैरानी होगी कि जिस टिप पर आप घृणा कर रहे हैं, उससे बहुत से लोग प्रभावित भी दिखे। कुछ फॉलोअर्स ने तो यहां तक माना कि वो खुद भी चेहरे पर यूरिन लगाते हैं और उन्हें इसके अच्छे रिजल्ट मिले हैं। आपको बताते हैं कि इससे पहले मैक्सिकन एक्टर सेबेशन लिग्रेडने भी चेहरे पर यूरिन लगाने की टिप शेयर कर चुके हैं।

# मोदी काम के आधार पर वोट नहीं मांग सकते : प्रियंका

## » बोलीं- धर्म की बात, जाति की बात चुनाव के समय क्यों होती है

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क





अजमेर। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि जो लोग धर्म या जाति के नाम पर वोट मांगते हैं, वे अपने काम के आधार पर वोट नहीं मांग सकते। प्रियंका ने केकड़ी (अजमेर) में चुनावी जनसभा में यह बात की। मुख्य विपक्षी दल बीजेपी पर एक तरह से निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, ''धर्म की बात, जाति की बात चुनाव के समय क्यों होती है? जो नेता चुनाव के समय यह बात कर रहा है इसका मतलब है कि इसके आधार पर वोट मांग रहा है, वह कह रहा है कि धर्म या जाति के आधार पर वोट दो, तो इसका मतलब है कि वह काम के आधार पर वोट नहीं मांग सकता। उन्होंने लोगों से जागरूकता के साथ और सरकार के काम के आधार पर मतदान करने की अपील की।

उन्होंने यह भी कहा कि राजस्थान में कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता एकजुट होकर चुनावी रणभूमि में उतरे हैं जबकि यहां भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह बिखरी हुई है। उन्होंने कहा कि पार्टी के बड़े बड़े स्थानीय नेताओं को किनारे कर दिया गया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा,..आपको सोचना पड़ेगा कि धर्म और जाति की बात चुनाव के समय क्यों होती है...असली नेता जिसने आपके लिए काम किया है वे काम के आधार पर वोट मांगते हैं...उनकी (बीजेपी) मध्य प्रदेश में 18 साल से सरकार है लेकिन वे जब मंच पर खड़े होते हैं, एक काम का नाम नहीं लेते... वहां भी वे धर्म और जाति के बारे करते हैं और उसी के आधार पर वोट मांगते हैं। प्रियंका ने आरोप लगाया कि बीजेपी की नीति बड़े उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने की है, वह गरीबों और मध्यम वर्ग के बारे में नहीं सोचती। उन्होंने कहा कि आपसे खींचना और बड़े-बड़े उद्योगपतियों को सींचना। यह उनकी नीति है, कांग्रेस नेता ने लोगों से पार्टी के उम्मीदवारों को जिताने की अपील करते हुए आगाह किया कि अगर राज्य में बीजेपी की सरकार बनी तो वह मौजूदा कांग्रेस सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाएं बंद कर देगी।

## राहुल गांधी देश के लिए जान देने वाले नेता : खरगे



मल्लिकार्जुन खरगे ने राजस्थान के अनूपगढ़ की जनसभा में कहा कि देश की सेवा में कांग्रेस पार्टी लगी है। हमारी पार्टी में इंदिरा जैसी महान नेता ने अपनी जान कुर्बान कीं। इस दौरान खरगे ने अपनी जुबान पर नियंत्रण खोते हुए कह दिया कि राहुल गांधी ने देश के लिए अपनी जान दी। हालांकि फौरन बाद उन्होंने अपनी बात को सुधारते हुए कहा कि देश की एकता के लिए राजीव गांधी ने अपनी जान दी। कांग्रेस में जान देने वाले लोग हैं और बीजेपी में जान लेने वाले लोग हैं। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी जी को किसने मारा? नाथूराम गोडसे ने। फिर भी उस नाथूराम गोडसे के लोग कहां हैं, कौन सी पार्टी में हैं। ये लोग एक तरफ देश की बात करते हैं और देश के लिए जिन्होंने कुर्बानी दी, गांधी जी को जिन्होंने हमें आजादी दिलाई उनकी फिलॉसफी के खिलाफ बोलते हैं। नेहरू जी की फिलॉसफी के खिलाफ बोलते हैं। इंदिरा जी कामों को कभी उन लोगों ने स्वीकार नहीं किया।

## ये मुख्यमंत्री फर्जी सर्टिफिकेट देते हैं : मोदी



पीएम मोदी ने कहा कि साथियों जबसे महिलाओं को आरक्षण देने वाला कानून नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित हुआ है। तब से इन्होंने महिलाओं के विरुद्ध अभद्र अभियान छेड़ दिया है। घमंडिया गठबंधन के नेताओं ने कैसी-कैसी आपत्तिजनक टिप्पणियां हमारी माताओं-बहनों के लिए की हैं। बिहार के मुख्यमंत्री ने विधानसभा में महिलाओं के प्रति घोर अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया है। लेकिन मजाल है कि कांग्रेस के किसी नेता ने आवाज उठाई हो। यही कांग्रेस का असली चेहरा है जिसे राजस्थान के लोग पहचान गए हैं। उन्होंने कहा कि साथियों महिला विरोधी कांग्रेस कभी महिलाओं का कल्याण नहीं कर सकती, कभी महिलाओं की सुरक्षा नहीं कर सकती। कांग्रेस ने राजस्थान को महिलाओं के खिलाफ अपराध में नंबर वन बना दिया है। राजस्थान की बहनों-बेटियों ने पुलिस थाने में जाकर के उनके ऊपर हुए अत्याचार और जुल्म की शिकायतें दर्ज की हैं। यहां मुख्यमंत्री कहते हैं कि सारी शिकायतें फर्जी हैं। उन्होंने कहा कि क्या कोई मां-बहन ऐसी फर्जी शिकायत करे, ऐसा हमारे देश में हो सकता है क्या। हमारे देश की मां-बहनें ऐसी हैं कि कभी उनके साथ किसी ने बदतमीजी की हो तो चुपचाप वहां से चली जाती है। वो सोचती है कि वह बुरा आदमी है तो अपने घर जाए, मैं अपने काम पर चली जाती हूं। वह कभी झूठ बोलने का तो सोचती भी नहीं है। अगर महिलाएं पुलिस थाने में जाकर के खुद पर हुए अत्याचार की रिपोर्ट लिखवाती है तो कुछ तो सच होगा कि नहीं। अरे मुख्यमंत्री ये कहे कि हम जांच करवाएंगे, लेकिन भई ये मुख्यमंत्री सर्टिफिकेट देते हैं कि महिलाएं आजकल फर्जी चीजें लिखवा देती हैं। क्या महिलाओं का अपमान है कि नहीं है। ये अपमान करने वाली सरकार जानी चाहिए कि नहीं जानी चाहिए।

# कवियों ने रचनाओं से किया श्रोताओं को मंत्रमुग्ध

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

## आचमन फाउंडेशन एवं संस्कृत संस्थान ने किया काव्य समारोह









**लखनऊ। लखनऊ में आचमन कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में साहित्यक सम्मेलन में कवियों ने अपनी रचनाओं से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। आचमन फाउंडेशन एवं उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस काव्य समारोह में देश के दिग्गज कवि जुटे।**

साहित्य और मंच की दूरी को कम करने का प्रयास,समृद्ध कविता का श्रवण-वाचन ,कम सुने गये लेकिन अच्छा लिखने वाले रचनाकारों को आमंत्रित करने का संकल्प आचमन 18 नवंबर को लखनऊ के संस्कृत संस्थान में आयोजित हुआ। इस वर्ष का तृतीय आचमन सम्मान ओज के सुप्रसिद्ध कवि डॉ. हरिओम पवार जी को प्रदान किया गया। इससे पूर्व हमें संतोषानंद, उदय प्रताप सिंह जी को सम्मानित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व उनकी पत्नी श्रीमती नम्रता पाठक उपस्थित रहीं। आचमन फाउंडेशन द्वारा उप्र संस्कृत संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में प्रसिद्ध ओज कवि डॉ. हरिओम पवार को तृतीय आचमन सम्मान से मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, अपर मुख्य सचिव जितेंद्र कुमार,आईएससीसी के चेयरमैन मुकेश बहादुर सिंह,स्माइलमैन सर्वेश अस्थाना, निदेशक विनय श्रीवास्तव व विशाल रस्तोगी ने सम्मानित किया। आचमन फाउंडेशन की ट्रस्टी सोनरूपा विशाल के संचालन एवं संयोजन में हुए कवि सम्मेलन में डॉ. हरिओम पवार के अतिरिक्त विनोद श्रीवास्तव, इकबाल अशहर, चिराग जैन, चंद्रशेखर वर्मा, डॉ. उपदेश शंखधार, डॉ. भावना श्रीवास्तव, योगी योगेश शुक्ल, मनु वैशाली ने अत्यंत प्रभावी काव्यपाठ किया।

### खूनी तालिबानों का इतिहास नही तो क्या गाऊँ .....

हरिओम पंवार ने अपनी ओजस्वी वाणी से कवि सम्मेलन में कवि धर्म को गान करते हुए आत्ममंथन की धारा प्रवाहित कर दी। उन्होंने कहा-पैरों में अंगारे बांधे, सीने में तूफान भरे, आंखों में दो सागर आंजे, कई हिमालय शीश धरे, मैं धरती के आंसू का, संत्रास नहीं तो क्या गाऊँ, खूनी तालिबानों का इतिहास नहीं तो क्या गाऊँ, इकबाल अशहर शायरी के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने अपनी जहीन आवाज में कहा-यही जुनून यही एक जवाब मेरा है वहाँ चराग जला दूँ जहाँ अंधेरा है, तेरी रजा भी तो शामिल थी मेरे बुझने में,मैं जल उठा हूँ तो ये भी कमाल तेरा है, आपसी सौहार्द और गंगा जमुनी तहज़ीब को जिंदा रखने वाले शायर विनोद श्रीवास्तव ने कहा-धर्म छोटे-बड़े नहीं होते, जानते तो लड़े नहीं होते । चोट तो फूल से भी लगती है, सिर्फ पत्थर कड़े नहीं होते । कवि सम्मेलन की प्रखर आवाज चिराग जैन ने बताया कि साहित्य में कवि और कविता का योगदान क्या है -हम हैं हिन्दी कविता की बुनियाद में गड़ने वाले लोग ।

# सूर्यकुमार यादव को टीम इंडिया की कमान

## » रिंकू सिंह, ऋतुराज को भी मिली जगह, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 टीम घोषित

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



**नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 23 नवंबर से विशाखापत्तनम में शुरू होने जा रही पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दिया गया है। सूर्यकुमार यादव इस टीम की अगुवाई करेंगे। भारत को हराकर वनडे विश्व चैंपियन बनी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के लिए सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ को टीम का उप कप्तान बनाया गया है।**

इस सीरीज के लिए कई सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी इस सीरीज का हिस्सा नहीं हैं। वहीं ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव और प्रसिद्ध कृष्णा जो विश्व कप के लिए टीम इंडिया का हिस्सा थे, उन्हें टीम में शामिल किया गया है, इसके अलावा श्रेयस अय्यर सीरीज के बाकी के मैचों के लिए टीम से जुड़ेंगे। अय्यर के आने के बाद रुतुराज की जगह वो टीम के उपकप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगे। भारत ने विश्व कप टीम में शामिल सिर्फतीन खिलाड़ियों को टी-20 सीरीज के लिए चुना है जिसमें प्रसिद्ध कृष्णा, इशान किशन और सूर्यकुमार शामिल हैं। श्रेयस अय्यर अंतिम दो टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए टीम से जुड़ेंगे और वह गायकवाड़ की जगह उप कप्तान की भूमिका निभाएंगे। बीसीसीआई ने इसके साथ ही सीरीज के आखिरी दो मुकाबलों के लिए वेन्यू में भी बदलाव किया है, सीरीज के आखिरी दो मुकाबले अब रायपुर और बेंगलुरू में होंगे।

# लखनऊ के एक बैंक में लगी आग बाल-बाल बची 40 लोगों की जान

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। नवल किशोर रोड स्थित सत्या बिजनेस पार्क बिल्डिंग की पहली मंजिल पर शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इससे फाइनेंस और रियल एस्टेट कंपनी का दफ्तर राख हो गया। इस दौरान भीतर फंसे करीब 40 कर्मचारियों में चीख-पुकार मच गई।**

ये लोग खुद खिड़की के शीशे तोड़कर छज्जे पर आए और फिर स्थानीय लोगों ने सीढ़ियां लगाकर इन्हें उतारा। इस दौरान तीन लोग बेसुध हो गए, जबकि तीन चोटिल हो गए। दमकलकर्मी करीब एक घंटे में आग पर पूरी तरह से काबू पा सके। बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर केनरा बैंक का दफ्तर है। पहली मंजिल पर पूनावाला हाउसिंग लोन कंपनी व रुद्रा प्रॉपर्टी का दफ्तर है।




## वाह रे मणिपुर सरकार!

# मुआवजे का डेटा तक नहीं

» गैंगरेप, छेड़छाड़ की पीड़िताओं को 5 करोड़ का मुआवजा बांटा, पर किसे दिया पता नहीं

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



इंफाल। मणिपुर सरकार ने दुष्कर्म, हत्या और छेड़छाड़ की पीड़ित महिलाओं के लिए 5 लाख से 10 लाख रुपये तक की सहायता राशि जारी की है। 3 मई से अब तक हिंसा की पीडित महिलाओं को यह सहायता राशि दी जा रही है। राज्य सरकार ने यह भी बताया कि यह राशि एक समर्पित बैंक अकाउंट में ट्रांसफर की गई है, जहां से पीड़ितों को मदद पहुंचाई गई, हालांकि, कितनी महिलाओं को अभी तक यह राशि मिली है, इसकी सरकार ने कोई जानकारी नहीं दी।

मणिपुर में अनुसूचित जनजाति के दर्जे की मांग को लेकर मैतई और कूकी समुदाय में जारी गतिरोध में अब तक 180 लोगों की मौत हो चुकी है, 3 मई को मैतई और कूकी लोगों के बीच हिंसा भड़की थी, जिसने बाद में विकराल रूप धारण कर लिया और आगजनी से लेकर दुष्कर्म तक की घटनाएं सामने आईं, मणिपुर हिंसा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार (20 नवंबर) को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान, मणिपुर सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 3 मई से अब तक दुष्कर्म और अन्य आपराधिक घटनाओं की पीड़ित महिलाओं की मदद के लिए 5 करोड़ रुपये की सहायता राशि दी गई है। मणिपुर हिंसा के दौरान, दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर गांव में घुमाने का वीडियो भी सामने आया था। वीडियो में हजारों लोगों की भीड़ नजर आ रही थी और कुछ लड़के हथियार लिए हुए थे। यह घटना 4 मई को मणिपुर के थोबल जिले में हुई थी, जिसे मैतई बहुल इलाका मामा जाता है। घटना के करीब डेढ़ महीने बाद वीडियो सामने आने के बाद 21 जून को मामले में एफआईआर दर्ज की गई थी। हालांकि, 18 मई को मामले की शिकायत पुलिस में कर दी गई थी। घटना वाले दिन हजारों की बेकाबू भीड़ ने गांव पर हमला कर दिया था और महिलाओं को कपड़े उतारने के लिए मजबूर किया। पुलिस ने अज्ञात हथियारबंद बदमाशों के खिलाफ नोंगपोक सेकमाई पुलिस स्टेशन में किडनैपिंग, सामूहिक दुष्कर्म और हत्या का मामला दर्ज कर लिया था।

### 5 से 10 लाख तक की सहायता राशि

मणिपुर हिंसा की पीड़ित महिलाओं को 5 लाख से 10 लाख तक की सहायता राशि दी जा रही है. जिन महिलाओं की हिंसा में मौत हो चुकी है या सामूहिक दुष्कर्म की पीड़ितों के लिए 5 लाख से 10 लाख रुपये तक की सहायता राशि दी गई है। वहीं, राज्य सरकार ने यह भी बताया कि हिंसा में घायल महिलाओं के लिए 1 लाख से 9 लाख रुपये तक की सहायता राशि बैंक में ट्रांसफर की गई है।

## मधेपुरा डीम की कार ने चार को रौंदा, मां-बेटी की मौत

» गाड़ी छोड़कर डीएम और चालक फरार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

मधुबनी। करीब सुबह 8.30 बजे एनएच 57 पर फुलपरास थाना क्षेत्र में दरभंगा से मधेपुरा की ओर जा रही डीएम की गाड़ी ने फुलपरास पुरवारी टोला के पास एक महिला और उसकी बच्ची को कुचल दिया। इसके बाद एनएच किनारे काम कर रहे दो मजदूरों को भी कुचल दिया। गाड़ी छोड़कर डीएम और चालक सभी भाग गए। गाड़ी रेलिंग से टकरा गई है। इस घटना के बाद वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। भीड़ जुटने से पहले डीएम और उनके चालक घटना स्थल से फरार हो गए। गाड़ी फिलहाल वहीं खड़ी है।




बता दें कि मधेपुरा के डीएम वर्तमान में विजय प्रकाश मीणा हैं। डीएम विजय प्रकाश मीणा की मधेपुरा में डीएम के तौर पर पहली पोस्टिंग है। राजस्थान के रहने वाले हैं। मृतका का नाम गुड़िया देवी (28) पति रंजीत साह और उसकी बच्ची 7 साल की है। दोनों घायल मजदूर को इलाज के लिए डीएमसीएच भेजा गया है। दो मजदूरों की स्थिति नाजुक है। मजदूर अशोक सिंह (60) की हालत गंभीर है। राजू सिंह भी गंभीर है। दोनों जयपुर, राजस्थान के रहने वाले हैं। इन्हें डीएमसीएच भेजा गया है।

## एडिशनल एसपी के इकलौते बेटे की सड़क हादसे में मौत

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ ।जनेश्वर मिश्रा पार्क के पास मंगलवार सुबह एडिशनल एसपी श्वेता श्रीवास्तव के इकलौते के बेटे की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह स्केटिंग अभ्यास के बाद जनेश्वर मिश्रा पार्क से वापस आ रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर भेज दिया है। ईओडब्ल्यू में तैनात श्वेता श्रीवास्तव लंबे समय तक कमिश्नरेट में तैनात रही हैं। उनका 12 साल का बेटा नामिश सुबह जनरेश्वर मिश्रा पार्क में स्केटिंग कोर्ट पर प्रैक्टिस करने आया था।

गोमतीनगर विस्तार इंस्पेक्टर सुधीर अवस्थी ने बताया कि नामिश जब प्रैक्टिस करके वापस घर लौट रहा था तभी पिपराघाट रोड पर एक सफेद रंग की कार ने उसको टक्कर मार दी थी। हादसे में नामिश की मौत हो गई। सीसीटीवी फुटेज की मदद से कार को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है।



स्केटिंग अभ्यास से वापस आ रहा था

## योगी समेत कई नेताओं ने दी आनंदीबेन को जन्मदिन पर बधाई

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने 'एक्स' पर कहा गुजरात राज्य की प्रथम महिला मुख्यमंत्री का गौरव प्राप्त करने वाली, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल आपको जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को राज्यपाल के जन्मदिन पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुदीर्घ व सुयश पूर्ण जीवन की कामना की है। योगी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर राज्यपाल को दिये गये अपने शुभकामना संदेश में कहा आनंदीबेन पटेल को जन्मदिन की हार्दिक बधाई! आपको उत्तम स्वास्थ्य, सुदीर्घ व सुयश पूर्ण जीवन की प्राप्ति हो, प्रभु श्री राम से यही प्रार्थना है।

फोटो :4 पीएम





**धरना** 69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षण की विसंगतियों को दूर करने के लिए और 6800 सीटों पर नियुक्ति पत्र की मांग को लेकर 4 साल से धरना दे रहे अभ्यर्थियों को समर्थन देने इको गार्डन पहुंची विधायक पल्लवी पटेल।

# प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने की सख्त टिप्पणी

» पराली जलाने वालों को आर्थिक लाभ से रोका जाए

» एफआईआर के साथ जुर्माना लगे, एमएसपी से किया जाए वंचित

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



नई दिल्ली। दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण का मामले में सुप्रीम कोर्ट ने फिर प्रदूषण कम करने की बात दोहराई। कोर्ट ने पूछा कि पराली जलाकर कानून का उल्लंघन करने वाले लोगों को आर्थिक लाभ क्यों दिया जाए। एफआईआर, जुर्माने के अलावा, उन्हें एमएसपी से भी वंचित किया जाए, कुछ ऐसा कीजिए जिससे उनकी जेब को धक्का लगे, हम यह भी जानना चाहते हैं कि कितना जुर्माना वसूला गया है, पहले दिल्ली ने कहा कि पंजाब समस्या है, अब कहते हैं कि पंजाब समस्या नहीं है, इसमें राजनीति न करें, पंजाब सरकार ने कहा कि सरकार की तरफ से जो मशीनें दी गई हैं, उस पर 80 फीसदी की सब्सिडी दी जा रही है।

पंजाब सरकार ने कहा अन्य फसलों पर भी सब्सिडी दिए जाने की जरूरत है। कोर्ट ने कहा कि एक समस्या यह है कि जो लोग पराली जला रहे हैं वे यहां नहीं आएंगे, बिहार में वे इसे अपने हाथों से काटते हैं, हम समझते हैं जिन लोगों के पास पर्याप्त जोत है, उनके पास मशीनीकृत कटाई के साधन हैं, लेकिन छोटी जोत वाले लोग पराली जलाने को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, सरकार ने कहा कि हमने पराली जलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है।

### फिर जहरीली हो गई दिल्ली की हवा

नई दिल्ली। दिल्ली और आस-पास के क्षेत्रों में एक दिन पहले हवा की गुणवत्ता में मामूली सुधार के बाद रात में फिर से हवा जहरीली हो गई। सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक 323 दर्ज किया गया. सफर के अनुसार, आईआईटी दिल्ली में एक्यूआई 321, हवाईअड्डा (टर्मिनल 3) क्षेत्र में 336 और पूसा में 337 दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, सुबह 7:41 बजे आनंद विहार में एक्यूआई 374, जहांगीरपुरी में 399, लोधी रोड में 315 और न्यू मोती बाग में 370 दर्ज किया गया. शून्य और 50 के बीच एक्यूआई को ''अच्छा, 51 और 100 के बीच ''संतोषजनक, 101 और 200 के बीच ''मध्यम, 201 और 300 के बीच ''खराब, 301 और 400 के बीच ''बहुत खराब, 401 और 450 के बीच ''गंभीर और 450 से ऊपर को ''अति गंभीर माना जाता है। दिल्ली में वायु गुणवत्ता में सुधार के साथ, (वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग) ने जीआरएपी 4 के तहत लगाए गए प्रतिबंधों को रद्द किया।




स्वामी 4 पीएम न्यूज नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **संजय शर्मा** द्वारा आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से मुद्रित एवं 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से प्रकाशित। **संपादक** - संजय शर्मा, **विधि सलाहकार**: सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, **वित्तीय सलाहकार**: संदीप बंसल, **कार्टूनिस्ट**: हसन जैदी, **दूरभाष**: 0522- 4078371 | **Email**: daily4pm@gmail.com | **website**: www.4pm.co.in |
RNI-UPHIN/2015/62233 डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।